## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, कौशाम्बी

पत्रांक 6655/पं0/एस0बी0एम0जी0/2019-20 दिनांक 24 /02/2019

मेसर्स डाटा लाइव कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी,
कटरा-प्रयागराज।

---

**विषयः-स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत 08 विकास खण्डो हेतु 01-01 खण्ड प्रेरक एवं मात्र 01 डाटा इण्ट्री ऑपरेटर उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि दिनांक 18.10.2019 को जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेन्ट कमेटी की बैठक में समिति द्वारा लिये गये निर्णय के क्रम में 15 खण्ड प्रेरको की सेवाएं 30 सितम्बर, 2019 के उपरान्त शासन द्वारा कोई दिशा-निर्देश न प्राप्त होने की दशा में आपको वापस कर दिया गया था। पुनश्च दिनांक 09.12.2019 को जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेन्ट कमेटी की बैठक में समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि बेसलाइन एवं एल0ओ0बी0 के अन्तर्गत निर्मित शौचालयो की जियो टैगिंग कराते हुये अप्रूव्ड कराने एवं एन0ओ0एल0बी0 में शौचालय निर्माण के उपरान्त जियो टैगिंग आदि कार्य कराने हेतु प्रत्येक विकास खण्ड में 01-01 खण्ड प्रेरक एवं मात्र 01 डाटा इण्ट्री ऑपरेटर की तैनाती किया जाना योजनाहित में है। साथ ही खण्ड प्रेरको की तैनाती मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) उत्तर प्रदेश द्वारा जो निर्देश दिये जायेंगे, उसी के आधार पर अन्तिम निर्णय मान्य होगा, के प्रतिबन्ध के साथ किये जाने हेतु समिति द्वारा निर्देश दिये गये हैं।

अतः समिति द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप एक सप्ताह के अन्दर जनपद-कौशाम्बी में कुल 08 अर्थात् प्रत्येक विकास खण्ड में 01-01 खण्ड प्रेरको मात्र 01 डाटा इण्ट्री ऑपरेटर को उपरोक्त प्रतिवन्ध के साथ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। तैनाती के सम्वन्ध में यह विशेष ध्यान दिया जाये कि पूर्व में योजनान्तर्गत तैनात खण्ड प्रेरको में से ही अच्छे खण्ड प्रेरको का चयन किया जाये।

24/02/2020

(इन्द्र सेन सिंह)
मुख्य विकास अधिकारी,
कौशाम्बी

पत्रांक /दिनांकित।

प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिला पंचायत राज अधिकारी, कौशाम्बी को इस निर्देश के साथ कि खण्ड प्रेरको की सूची प्राप्त होने के उपरान्त विकास खण्ड आवंटित करना सुनिश्चित करें।
2. जिलाधिकारी महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।

मुख्य विकास अधिकारी,
कौशाम्बी